प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक 12.02.2025 को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

1- थाना मुगलपुरा पुलिस द्वारा, मारपीट, जान से मारने की धमकी देने कें आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

अवगत कराना है कि थाना मुगलपुरा क्षेत्र में चौकी क्षेत्र फैजगंज के अताई मौहल्ले मे दिनांक 10.02.2025 की रात्रि में अभियुक्तगण 1. अभय मेहरोत्रा उर्फ छोटू पुत्र श्री राकेश मेहरोत्रा नि0 गुडिया मौहल्ला शिव मन्दिर वाली गली थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद 2.सौरभ शर्मा पुत्र सतीश शर्मा निवासी गुडिया मौहल्ला बाजीगरान पीरगैब थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद 3. पीयूष पाल पुत्र ऋषिपाल निवासी गुडिया मौहल्ला थाना मुगलपुरा जिला मुरादाबाद 4.रचित शर्मा पुत्र अखिलेश शर्मा निवासी कमला बिहार पीतलबस्ती थाना कटघर जनपद मुरादाबाद के द्वारा एकराय होकर श्री विशाल रस्तौगी पुत्र अशोक कुमार रस्तौगी निवासी मौहल्ला आताई दाऊ जी के मन्दिर के पास मण्डी चौक थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद के साथ गाली गलौच व जान से मारने की धमकी देते हुए, जान से मारने की नियत से तमंचे से फायर किया था उक्त घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी थी उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में दिनांक 11.02.2025 को थाना मुगलपुरा पर वादी श्री विशाल रस्तौगी पुत्र अशोक कुमार रस्तौगी निवासी मौहल्ला आताई दाऊ जी के मन्दिर के पास मण्डी चौक थाना मुगलपुरा जनपद मुरादाबाद की तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 18/2025 धारा -109(1)/352/351(3) बीएनएस बनाम अभय मेहरोत्रा उर्फ छोटू आदि उपरोक्त अभियुक्तगण के विरुद्ध पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद द्वारा दिये गये निर्देशानुसार मुकदमा उपरोक्त मे वांछित उपरोक्त अभियुक्तगण की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु, पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी कोतवाली नगर के मार्गदर्शन में थाना मुगलपुरा पर टीम गठित कर अभियुक्तगण की गिरफ्तारी का अभियान चलाया गया। एंव गठित टीम द्वारा दबिश दी गयी जिसमें गठित टीम द्वारा अन्दर 24 घण्टे दिनांक 11.02.2025 को अभियोग में नामित/वांछित अभियुक्त अभय मेहरोत्रा उर्फ छोटू पुत्र श्री राकेश मेहरोत्रा निवासी गुडिया मौहल्ला शिव मन्दिर वाली गली थाना मुगलपुरा जिला मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। तथा अन्य अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु तलाश /दबिश प्रचलित है।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. अभय मेहरोत्रा उर्फ छोटू पुत्र श्री राकेश मेहरोत्रा नि0 गुडिया मौहल्ला शिव मन्दिर वाली गली थाना मुगलपुरा जिला मुरादाबाद।

***गिरफ्तारी करने वाली टीम**

1. उ0नि0 श्री इजहार अली
2. हे0का0 दिनेश प्रताप सिंह
3. हे0का0 सेन्सरपाल सिंह

2- दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार थाना कोतवाली नगर -

अवगत कराना है कि दिनांक 01-02-2025 को वादिनी निवासी थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्त द्वारा वादिनी के साथ दुष्कर्म करना घर पर बन्धक बनाकर रखना जान से मारने की धमकी व धर्म परिवर्तन कराने के लिए दबाव बनाने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर तहरीर दी, तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर मु0अ0सं0-12/2025 धारा- 64/127(2)/351(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम मे आज दिनांक 12.02.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अभियुक्त दिलीप उर्फ गफ्फार पुत्र सत्तार निवासी नन्दपुरा मझरा बहरामपुर थाना जानी जनपद मेरठ को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

दिलीप उर्फ गफ्फार पुत्र सत्तार नि0 नन्दपुरा मझरा बहरामपुर थाना जानी जनपद मेरठ ।

गिरफ्तार करने वाली टीमः-

उ0नि0 गौरव कुमार

उ0नि0 रोहित कुमार

का0 विनीत कुमार

3- थाना बिलारी पुलिस द्वारा 01 एवं थाना कांठ पुलिस 03 अभियुक्त को शांति व्यवस्था भंग करने में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक,मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत आज दिनांक 12.02.2025 को थाना बिलारी पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त तथा थाना कांठ पुलिस द्वारा 03 अभियुक्त को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

थाना बिलारी पुलिस द्वाराः-

1.मनोज पुत्र कृपाल निवासी ग्राम नीमरी फत्तेपुर थाना बिलारी जनपद मुरादाबाद।

थाना कांठ पुलिस द्वाराः-

1.देवकुमार पुत्र धर्मपाल सिंह निवासी ग्राम मिलक आबी हफिजपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद।

2.शेर सिंह पुत्र नत्थु सिंह निवासी ग्राम मिलक आबी हफिजपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद।

3.रिषीपाल पुत्र सोनाथ सिंह निवासी ग्राम मिलक आबी हफिजपुर थाना कांठ जनपद मुरादाबाद।